>

Title:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) : माननीय सभापति महोदया, मैं यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाना चाहता हूं । संसद सत्र के दौरान संसद का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए संसद में सभी मोबाइल कंपनियों का नेटवर्क और फोन न लग सके, इसलिए यहां पर जैमर लगाया गया है । इस जैमर को लगाने के बाद भी संसद में एक मोबाइल कंपनी का नेटवर्क चलता है ।

माननीय सभापति महोदया, जो यह भारत सरकार की बीएसएनएल और एमटीएनएल कंपनी है, देश भर में भी इसका नेटवर्क ठीक तरह से नहीं चलता है ।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप इस विषय को नहीं उठा सकते हैं । माननीय अध्यक्ष महोदय, इस विषय को समझेंगे ।

…(व्यवधान)

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे : महोदया, लेकिन केवल जियो कंपनी का ही फोन लगता है, एमटीएनएल का नहीं लगता है, बीएसएनएल का नहीं लगता है और अदर कंपनियों का नेटवर्क नहीं लगता है । यहां पर सिर्फ एक ही कंपनी यानी जियो का नेटवर्क चलता है । यह बात ठीक नहीं है ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, अध्यक्ष महोदय इस विषय को संज्ञान में लेंगे ।

…(व्यवधान)

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे : माननीय सभापति महोदया, क्या इस कंपनी को जैमर से बाहर रखा गया है? यह बात ठीक नहीं है । यह एक कंपनी को पूरी तरह से

सपोर्ट करने वाला है ।